29.1.14 हिन्दुस्तान

# जागरूकता रैली निकाली

प्रतापगंज (सुपौल)। नशामुक्त समाज निर्माण के लिए गणतंत्र दिवस के अवसर पर जीविका के नेतृत्व में महिलाओं ने जुलूस निकालकर बैनर एवं तख्तियां लेकर 'ग्राम संगठन का यही है नारा शराब मुक्त हो गांव हमारा' नारा लगा रही थी। लोगों में जागरूकता पैदा करने के उद्देश्य से रैली का आयोजन किया गया।

इस मौके पर जीविका के क्षेत्रीय समन्वयक गौरव कुमार ने कहा कि नशामुक्त समाज के निर्माण के लिए महिलाओं की भागीदारी महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि समाज के प्रत्येक महिला का फर्ज है कि समाज को नशामुक्त बनाकर परिवार की खुशहाली को बरकरार रखें। प्रखंड परियोजना प्रबंधक सर्वेश शाही ने महिलाओं से नशामुक्त समाज के निर्माण में सहयोग करने की अपील की। जागरूकता रैली में बड़ी संख्या में महिलाओं ने भाग लिया। (ए.सं.)